# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, खगड़िया।

पत्रांक :– 400 (अनु) खगड़िया/ दिनांक :– 28-04-2022

प्रेषक,

**कार्यपालक अभियंता,**
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, खगड़िया।

सेवा में,

**प्रभारी पदाधिकारी,**
जिला सामान्य शाखा,
खगड़िया।

विषय :– **हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, बरौनी (रिटेल) (H.P.C.L), द्वितीय तल, रघुनाथ पैलेस, हर हर महादेव चौक, एन0एच0–31, बेगूसराय द्वारा खगड़िया जिला अन्तर्गत, मौजा–भदास, थाना–अलौली, खाता न0–1008, प्लॉट नं0–3586, में रिटेल आउटलेट की स्थापना के संबंध में।**

प्रसंग :– आपका पत्रांक–IV-54/2020-105/ जी0, दिनांक–06.02.2020, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–371(अनु0) दिनांक–24.03.2022 एवं अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, सहरसा का पत्रांक–461(अनु0) दिनांक–13.04.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके प्रासंगिक पत्र के आलोक में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना एवं अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, सहरसा के प्रासंगिक पत्र द्वारा पथ प्रमंडल खगड़िया अन्तर्गत मौजा–भदास, थाना–अलौली, खाता न0–1008, प्लॉट नं0–3586 में रिटेल आउटलेट की स्थापना करने हेतु पथ निर्माण विभाग की भूमि को पहुँच पथ के रूप में विकसीत कर व्यवहार करने हेतु 05 (पाँच) वर्षो के लिए अनापत्ति प्रमाण–पत्र विभागीय निदेश (पत्रांक–4770 (ई0) दिनांक–24.08.2017) तथा संकल्प ज्ञापांक–1921(S) दिनांक–08.03.2018 के आलोक में निम्न शर्त्तो पर प्रदान की गयी है :–

i. भविष्य में यदि आवेदक द्वारा प्रस्तावित स्थल के संबंध में दी गई सूचना में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो यह अनापत्ति प्रमाण–पत्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
ii. पेट्रोल पम्प के अनुमोदित नक्शा की एक प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु मूल में लौटाई जाती है।
iii. प्रत्येक 5 वर्ष के बाद रिटेल आउटलेट का नवीकरण कराना अनिवार्य होगा।
iv. विभागीय पत्रांक–4770(E) दिनांक–24.08.2017 के कंडिका–6 का अनुपालन दृढ़ता से सुनिश्चित किया जाएगा।
v. रिटेल आउटलेट के Boundary से पथ के Centre Line से दूरी Minimum 12 मी0 रखना सुनिश्चित किया जाएगा।

अतः मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना एवं अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, सहरसा के प्रासंगिक पत्र की छाया प्रति एवं अनुमोदित नक्शा मूल में एक प्रति इस पत्र के साथ संलग्न करते हुए अग्रतर कार्रवाई हेतु समर्पित की जाती है।

विश्वासभाजन

अनु0 :– यथोक्त।

28/4/22

**कार्यपालक अभियंता**
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमण्डल, खगड़िया।

28-04-22

D:\OLD CD\Letter\RCD\preshit\sahayak abhiyanta\IOCL\Prabhari Padhadhikari.docx